मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 284 ■ रविवार, 9 फरवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

एकनाथ शिंदे बोले- पिक्चर अभी बाकी है

# अंबरनाथ में 1790 किलो मांस जब्त

**09** लोगों पर अपराध दर्ज

**12** घंटे चली कार्रवाई

**3.58** लाख रुपए कीमत का मांस किया गया जब्त



**उल्हासनगर.** अंबरनाथ पुलिस ने शहर पश्चिम के उलन चाल परिसर में जबरदस्त कार्रवाई करते हुए 1790 किलो जानवरों का मांस जब्त करते हुए 9 लोगों पर अपराध दर्ज किया है. मांस की कीमत पुलिस ने 3 लाख 58 हजार रुपए बताया है. मांस के सैम्पल डिब्बों में पैक करके पशु चिकित्सक विभाग को जांच के लिए भेजा गया है. जांच के बाद ही पता चलेगा कि ये मांस कौन से जानवर के हैं.

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के कलम सह महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम के अनुसार 9 लोगों पर अपराध दर्ज किया है. जिनके नाम हैं यूसुफ के. शेख, जलालुद्दीन शेख, अशफाक उल्ला कुरैशी, कमरूद्दीन शेख, सुलतान फारुक शेख, रियाज शेख, इमरान कुरेशी, अफजल हुसैन और सिराज शेख.

पुलिस ने बताया कि ये सभी अपनी एसवीपी रोड, उलन चाल

## उलन चाल परिसर में मचा हड़कम्प




स्थित दुकान में जानवरों का कत्ल करके उसके मांस अपने कब्जे में रखकर एवं दुकान के मजदूरों द्वारा जानवरों के मांस बेचते पकड़े गए हैं. पुलिस ने मांस लटकाने वाले लोहे के कई हुक, मांस काटने का लोहे के कई हथियार समेत कुल 1200 रुपयों का सामान जब्त किया है. सहायक पुलिस आयुक्त ने भी दौरा किया.

शुक्रवार सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक 12 घंटे तक पुलिस ने कार्रवाई की है. पता चला है कि पुलिस ने सैकड़ों किलो मांस डम्पिंग मैदान में ले जाकर जला दिया है. पुलिस निरीक्षक क्राइम किशोर शिंदे और उनकी पुलिस टीम ने ये कार्रवाई की है. कार्रवाई के समय परिसर में हड़कम्प मच गया था. एक आरोपी पर ये गंभीर आरोप है कि उसने अपनी दुकान में ही जानवर का कत्ल करके उसका मांस अपने कब्जे में रखा था. ये भी पता चला है कि पुलिस आयुक्त के आदेश पर ये कार्रवाई की गई है.

# शातिर अपराधी पप्या शिंदे पर एमपीडीए की कार्रवाई

■ यरवदा जेल भेजा गया



**उल्हासनगर.** ठाणे जिले में एमपीडीए नियमों के तहत पहली निरोध कार्रवाई की गई है और उल्हासनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के एक अपराधी विकास उर्फ पप्या शिंदे को येरवडा जेल भेज दिया गया है। महज 22 साल के विकास शिंदे के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में 12 मामले दर्ज हैं। तड़ीपार होने के बाद भी विकास शिंदे इस क्षेत्र में आता रहा और अपराध करता रहा। इसलिए उल्हासनगर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। हाल के दिनों में पुलिस प्रशासन उल्हासनगर जोन 4 में अपराध नियंत्रण के लिए विभिन्न उपायों को लागू कर रहा है। इसके तहत, जिले में इस साल की पहली निरोध कार्रवाई महाराष्ट्र खतरनाक गतिविधि रोकथाम (एमपीडीए) नियमों के तहत उल्हासनगर पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर की गई है। उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु ताम्हाणे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विकास उर्फ पप्या शिंदे के खिलाफ एमपीडीए के तहत कार्रवाई की गई है। हनुमान नगर क्षेत्र निवासी विकास शिंदे के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में 12 मामले दर्ज हैं।

2022 में भी उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। उसके खिलाफ निर्वासन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी वह उसी क्षेत्र में आता रहा और अपराध करता रहा। इसलिए पुलिस कमिश्नर को उनके खिलाफ निरुद्धि की कार्रवाई करने का प्रस्ताव दिया गया। उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। तदनुसार, विकास उर्फ पप्या शिंदे को गिरफ्तार कर लिया गया है और यरवदा जेल भेज दिया गया है।

# किसान पर जानलेवा हमला

**कल्याण.** कल्याण स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के लक्ष्मी मार्केट में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। अपने बैलों के लिए चारा खरीदने आए 50 वर्षीय किसान पर कोयते से वारकर उस पर जानलेवा हमला किया गया है। किसान का नाम बारक्या माढवी है और वह सुबह करीब 6 बजे अपने बैलों के लिए चारा खरीदने के लिए बाजार क्षेत्र में आया था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उसके चेहरे और शरीर पर बुरी तरह से वार किए जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर मौके से भाग गए। महात्मा फुले पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए एक टीम गठित की है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ऐसा पुलिस ने कहा।

# मनपा का कचरा कम्पोजिशन प्लांट बंद

■ सिद्धार्थ नगर व समता नगर के निवासी परेशान
■ कचरे को प्लांट में ऐसे ही फेंका जाता है
■ परिसर में बदबू का साम्राज्य
■ कचरे का कोई प्रोसेसिंग नहीं





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका ने गीले कचरे और सूखे कचरे के प्रसंस्करण के लिए पीट कम्पोजिशन प्लांट स्थापित किया था, लेकिन इस प्लांट के कारण प्लांट के आसपास रहने वाले नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशानी उठानी पड़ रही है। उल्हासनगर महानगरपालिका ने सिद्धार्थ नगर और समता नगर से सटे इलाकों में गीला कचरा और सूखा कचरा निपटाने के लिए कंपोजिशन प्लांट लगाया था। लेकिन इस प्लांट में गीला कचरा और सूखा कचरा दोनों पर कोई प्रोसेसिंग नहीं की जाती और इस कचरे को प्लांट में ही ऐसे ही फेंक दिया जाता है। नतीजतन यह कचरा सड़ता है और इसकी बदबू फैलती है और कचरे के सड़ने से आस-पास के इलाकों में बीमारियां फैलती हैं। नतीजतन नागरिकों को बड़ी मात्रा में बदबू और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। सिद्धार्थ नगर और समता नगर इलाकों में बदबू और बीमारी का बोलबाला है। इसके कारण इस क्षेत्र के नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस क्षेत्र के पूर्व नगरसेवक प्रमोद टाले ने इस गंभीर मुद्दे को उठाया है और मांग की है कि प्रशासन तत्काल इस डीकंपोज़िशन प्लांट को यहां से हटाए या यहां कचरे का उचित तरीके से प्रसंस्करण और निपटारा करे।

## कंट्रक्शन साइड पर साथी मजदूर की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**कल्याण.** विष्णुनगर पोलिस स्टेशन की हद में एक इमारत निर्माण साइड पर एक साथ काम करने वाले दो साथियों में मामूली बात पर हुए झगड़े में एक मजदूर बांबू डंडे से वॉर कर साथी मजदूर की हत्या कर दी,इस मामले में मिली शिकायत के बाद स्थानीय विष्णु नगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी मजदूर को गिरफ्तार कर लिया है. डोंबिवली पश्चिम स्थित एक कंट्रक्शन साइड पर उड़ीसा के मूल निवासी दो मजदूर काम करते थे, उनमें खाने जी बात पर आपस में झगड़ा हुआ तो इसी बात को मन में रख कर साथी मजदूर ने डंडे बांबू से हमला कर साथी मजदूर को मौत के घाट उतार दिया.

# आशेले गांव में फिर मिला बांग्लादेशी

■ उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार
■ अब तक 20 बांग्लादेशी गिरफ्तार
■ पनाह देने वाले पर भी गुनाह दर्ज
■ आशेला गांव बना पनाहगाह



**उल्हासनगर.** पुलिस ने गुरुवार को उल्हासनगर 4 के निकट आशेला गांव के कृष्णाझद नगर से अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पिछले दो महीनों में उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने 20 बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। क्या आशेला गांव बांग्लादेशी नागरिकों के लिए पनाहगाह बन गया है? ऐसा सवाल अब उठ खड़ा हुआ है, उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को आशेला गांव के कृष्णा नगर में एक कमरे पर छापा मारकर अवैध रूप से और बिना वीजा के रह रहे शाहजान दुलाल मुल्ला को गिरफ्तार किया। विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद 35 वर्षीय इस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे शरण देने वाले कमरे के मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जानकारी दी है कि यह व्यक्ति पिछले दो साल से बिना परमिट के आशेला गांव में रह रहा था।

# साईं वसनशाह दरबार में वरसी महोत्सव

**महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा विशेष कार्यक्रम**



**उल्हासनगर.** भक्ति की अमृतधारा से सराबोर पावन धरा उल्हासनगर के कैंप 5 स्थित साईं वसनशाह दरबार में सतगुरु शहंशाह बाबा साईं परुशाहजी साहेब एवं साईं गुरुमुखदासजी साहेब का जयंती समारोह बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस दिव्य आयोजन में प्रतिदिन हजारों भक्त शामिल होते हैं और भजन, कीर्तन, आध्यात्मिक प्रवचन और विशेष पूजा के माध्यम से पूरा वातावरण भक्ति से भर जाता है।

साईं कालीरामजी साहेब द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस वर्ष यह महोत्सव 3 फरवरी, सोमवार से शुरू होकर 26 फरवरी, महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संपन्न होगा। इस 22 दिवसीय भक्ति महोत्सव के दौरान हर शाम झूलेलाल साईं जी के बहराणा साहिब की पवित्र ज्योति जलाई जाती है और भक्त भजन-कीर्तन की भक्ति रस में डूब जाते हैं। यह भक्ति प्रवाह अंतिम दिन महाशिवरात्रि को भव्य आरती और विशेष पूजा के साथ समाप्त होगा।

इसके साथ ही साईं गुरुमुखदासजी साहेब की 25वीं जयंती का विशेष रजत जयंती समारोह मंगलवार, 4 फरवरी से गुरुवार, 6 फरवरी तक बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिन वृंदावन की प्रसिद्ध कथावाचक देवी चित्रलेखा ने शाम 6 बजे से 'श्री राधा रसामृत उत्सव' प्रस्तुत किया। उनकी मधुर वाणी में निहित भक्तिमय प्रवचन से उपस्थित भक्तगण मंत्रमुग्ध हो गए।

# नाबालिग लड़की की शादी कराना पड़ गया भारी

**पति, मां, पिता और ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज**



कल्याण. यह जानते हुए भी कि उनकी बेटी सत्रह साल की है, कल्याण में एक परिवार ने अपनी नाबालिग बेटी की शादी पुणे शहर के पास एक विशाल इलाके में रहने वाले 25 वर्षीय व्यक्ति से तय कर दी। शादी के बाद नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई। इस प्रकार के बाल विवाह का मामला सामने आने के बाद कल्याण बाजार पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने नाबालिग लड़की के माता, पिता, पति, सास और ससुर के खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

यह घटना जनवरी 2024 और 4 फरवरी 2025 के बीच घटित हुई। पिछले वर्ष जनवरी में पीड़िता के माता-पिता ने उसके घर पर ही पुणे के एक युवक के साथ गुप्त रूप से बाल विवाह रचा दिया था। बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में पुलिस उपनिरीक्षक ज्ञानेश्वर गोरे ने कहा है कि कल्याण के एक इलाके में 35 से 38 वर्ष की आयु के माता-पिता रहते हैं। उनकी एक सत्रह साल की बेटी थी। यह जानते हुए भी कि उनकी बेटी नाबालिग है, उन्होंने उसकी शादी पुणे क्षेत्र के एक 25 वर्षीय व्यक्ति से तय कर दी। शादी के बाद पीड़ित लड़की गर्भवती हो गई। बाल विवाह का यह पूरा मामला सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। उस समय, पुलिस जांच में पता चला कि एक सत्रह वर्षीय लड़की की शादी उसके माता-पिता ने एक 25 वर्षीय व्यक्ति से कर दी थी और यह एक प्रकार का बाल शोषण था। पुलिस ने बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, क्योंकि इस घटना के लिए पीड़िता की मां, पिता, सास, ससुर और पति सभी जिम्मेदार हैं। पुलिस ने सहायक पुलिस निरीक्षक सुधर्मा सावंत और पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण साबले के मार्गदर्शन में मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उद्घाटन से पहले ही पुल का उपयोग शुरू

**उल्हासनगर.** कैंप नंबर तीन में उल्हासनगर रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले वालधुनी नदी पर पुल का काम पूरा होने वाला है। हालाँकि, स्थानीय लोगों ने पुल के उद्घाटन से पहले ही इसका उपयोग शुरू कर दिया है। महानगर पालिका के निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता तरुण सेवकानी ने बताया कि पुल का जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा।

शहर के पश्चिम में उल्हासनगर रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क पर वालधुनी नदी पर एक नया पुल बनाया गया। हालाँकि, नागरिकों और वाहन चालकों ने पुल का उपयोग करना शुरू कर दिया है, भले ही इसका उद्घाटन नहीं हुआ है।

दूसरी ओर, पुल के उद्घाटन में देरी के कारण, महाविकास आघाड़ी के कुछ पदाधिकारियों ने पिछले महीने पुल को डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का नाम देते हुए इसका लोकार्पण किए जाने की घोषणा कर दी. इस बीच, पुल की सड़क, सीवर और पाइपलाइन डालने के लिए खोद दिए गए, जिसके कारण महानगरपालिका प्रबंधन की आलोचना हुई। सेवकानी ने यह भी बताया कि उन्होंने पुल, सीवर और पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत का आदेश दिया था।

# छेड़छाड़ मामले में शिक्षक गिरफ्तार

**बदलापुर.** बदलापुर के एक निजी स्कूल में एक शिक्षक द्वारा 14 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने की घटना सामने आयी है। बदलापुर पश्चिम पुलिस ने पोक्सो और अत्याचार के तहत मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

शिकायत में बताया गया कि शिक्षक ने बुधवार को फिरसे नाबालिग छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार किया जिसके चलते लड़की को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा और घर लौटने के बाद वह बीमार पड़ गई। उसकी मां उसे अस्पताल ले गई और लड़की की मां ने राष्ट्रवादी पार्टी शरद पवार गुट के कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी दी। एनसीपी कार्यकर्ताओं और बच्ची की मां ने स्कूल प्रशासन से इस बारे में सवाल किया। इसके अलावा बदलापुर पश्चिम पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और शिक्षक को हिरासत में ले लिया। इस मामले में शिक्षक के खिलाफ बदलापुर पश्चिम थाने में पोक्सो और अत्याचार के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बदलापुर का सरकारी अस्पताल वेंटिलेटर पर

■ उपजिला अस्पताल में सुविधाओं का अभाव
■ राकांपा ने अस्पताल का जायजा लिया



**बदलापुर.** बदलापुर का उपजिला अस्पताल जो कि ग्रामीण अस्पताल भी है, उसमें सुविधाओं का अभाव है। यहां रोजाना 500 से ज्यादा मरीज आते हैं। लेकिन पिछले पांच-छह महीने से अस्पताल का डिजिटल एक्स-रे मशीन स्टेबलाइजर बंद पड़ा है और अस्पताल में वेंटिलेटर भी धूल में पड़ा हुआ है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट के महासचिव अविनाश देशमुख ने आज अस्पताल का दौरा किया और अस्पताल की वास्तविक स्थिति से मीडिया को अवगत कराया। अस्पताल में अपर्याप्त स्टाफ के कारण मरीज इस अस्पताल में सुविधाओं से वंचित हैं। जब इस बारे में अस्पताल अधीक्षक से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर इन सभी चीजों की मांग की है।

# BBRT स्कूल की साइ-नोवा प्रदर्शनी में बच्चों ने किया कमाल

■ रोबोटिक्स और AI का अद्भुत प्रदर्शन
■ यहां पहली कक्षा से ही AI की शिक्षा मिलती है

**उल्हासनगर।** शहर के प्रसिद्ध BBRT इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय साइ-नोवा प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा के जौहर दिखाए। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार 8 फरवरी को स्कूल ट्रस्टी प्रोफेसर नरेश भाटिया, डॉ गुणवंत बंगाले, संदीप भाटिया, वाइस प्रिंसिपल हर्षिता शेट्टी आदि गणमान्यों द्वारा किया गया।

BBRT इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित इस 'साइ-नोवा' प्रदर्शनी में पहली से 8वीं तक के करीब 100 से अधिक छात्रों ने विज्ञान, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े अपने अद्भुत प्रोजेक्ट्स पेश किए है।

स्कूल की उपप्रधानाचार्य हर्षिता शेट्टी ने बताया कि BBRT इंटरनेशनल स्कूल न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर जोर देता है, बल्कि छात्रों को बदलते युग के लिए तैयार करने में भी स्कूल द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। विद्यालय में बच्चों को आधुनिक तकनीकों, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैज्ञानिक सोच से परिचित कराया जा रहा है, जिससे वे सिर्फ किताबी






ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक रूप से भी सशक्त बन सकें। यहाँ शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान देना है, ताकि वे नवाचार, समस्या समाधान और तकनीकी कौशल में निपुण बनकर एक उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि बीबीआरटी स्कूल का यह प्रयास छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि बौद्धिक, तकनीकी और रचनात्मक रूप से भी मजबूत बना रहा है, जिससे वे आधुनिक दुनिया में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

वहीं बच्चों को विज्ञान और रोबोटिक्स प्रदर्शनी के लिए तैयार करने वाले आर. एडवांटी (एडवांटेक) कंप्यूटर एजुकेशन के मनीष सर ने कहा कि उल्हासनगर तथा आसपास के शहरों का यह पहला स्कूल है जो पहली कक्षा से ही बच्चों को AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और रोबोटिक्स के बारे में सिखा रहा है और उन्हें तैयार कर रहा है। यही कारण है कि पाँचवी कक्षा के बच्चों ने पाइथन लैंग्वेज का उपयोग करके गेम बनाए हैं, जो वाकई में अद्भुत हैं।

इसके साथ ही, बच्चों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके फेस डिटेक्शन कैमरा भी बनाया है। ऐसे दर्जनों अलग-अलग प्रोजेक्ट्स बच्चों ने बनाए हैं। जो बच्चा पांचवीं कक्षा में ऐसा काम कर रहा है, वह दसवीं तक पहुँचते-पहुँचते और क्या-क्या कर पाएगा, सोचिए। मनीष सर ने बच्चों की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए BBRT स्कूल का बहुत आभार व्यक्त किया।

# अंबरनाथ पूर्व में 24 घंटे में चार चोरियां

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में शिव मंदिर रोड शिवगंगा परिसर में 24 घंटे के भीतर कर चोरी की घटना हुई है। इस चोरी में अल्पवयीन लड़कों का भी हाथ है. सीसीटीवी फुटेज में ऐसा दिखाई दे रहा है. मनसे के शहर सचिव अविनाश सुरसे और राहुल शिरसाट ने पीछा करके दो चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है.

इन चोरों ने शिवगंगानगर परिसर के शिवदर्शन अपार्टमेंट पार्किंग के पास के सभी नल और पाइप चोरी करके ले गए हैं. शिवश्रद्धा इमारत के 9 पानी के मीटर, शिव इमारत के पानी के मीटर और पाइप चोरी करके ले गए हैं. हरि दर्शन इमारत के बाहर रखा हुआ ड्रावर भी इन चोरों ने चोरी कर लिया. ये चोर पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं. इसमें साफ दिखाई दे रहा है कि चोरों की आयु कम है.

सभी इमारत के निवासियों ने शिवाजी नगर पुलिस में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है. यहां शिवगंगानगर के पास झोपड़ावासी बहुत ज्यादा संख्या में बसे हुए हैं. इस कारण चोरियां बढ़ गई हैं. ऐसा इमारतवासियों ने कहा है. पुलिस वालों से यह मांग की गई है कि चोरों से चोरी का सामान खरीदने वालों पर भी कड़क कार्रवाई की जाए और उन पर भी अपराध दाखिल किया जाए।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक संपादकीय

## महाकुंभ में हादसों का सिलसिला

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि किसी बहुप्रचारित आयोजन में एक ही तरह के हादसे बार-बार सामने आएं और उनसे सबक लेना जरूरी न समझा जाए। महाकुंभ मेले में शुक्रवार को एक बार फिर आग लग गई। हालांकि इसमें किसी की जान नहीं गई और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन सच यह है कि वहां लापरवाही की वजह से ऐसे हादसे एक तरह का सिलसिला बन गए हैं। महाकुंभ की शुरूआत से अब तक आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि कम से कम उसके बाद ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि फिर वैसा दुबारा न हो। मगर यह समझना मुश्किल है कि पहली बार व्यापक पैमाने पर आग भड़कने और उसमें कई पंडाल जल कर खाक हो जाने के बावजूद व्यवस्था के मोर्चे पर अब भी लापरवाही क्यों कायम है। सवाल है कि आग लगने से उपजने वाले जोखिम की गंभीरता की ऐसी अनदेखी की क्या वजह है और क्या इस तरह की लापरवाही के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### सरकारी दावे जमीनी स्तर पर नहीं दिख रहे उतने प्रभावी

यह छिपा नहीं है कि सरकार की ओर से महाकुंभ में हर स्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाएं मुहैया कराने का दावा करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को वहां पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया था। ऐसे बहुत सारे लोग होंगे, जिन्होंने सरकार के उन वादों के भरोसे वहां जाना तय किया। मगर यह अफसोस की बात है कि सरकारी दावे जमीनी स्तर पर उतने प्रभावी नहीं दिख रहे।

आग लगने की कई घटनाओं से इतर मौनी अमावस्या के दिन स्नान के मौके पर हुई भगदड़ और उसमें कई लोगों की जान जाने से यही पता चलता है कि हादसों से बचाव के लिए निगरानी और चौकसी के मोर्चे पर सरकार नाकाम रही है। एक के बाद एक हादसों के मद्देनजर सरकार को यह सोचने की जरूरत है कि उसकी व्यवस्था में किस स्तर पर कोताही या निर्देशों की अनदेखी हो रही है। वरना आग लगने की कोई घटना कभी ऐसी शक्ल भी ले सकती है, जो भगदड़ और उसके नतीजों की तरह भयावह त्रासदी साबित हो जाए।

# अंधकार युग में अफगान महिलाएं, उनकी दुर्दशा पर दुनिया खामोश



पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया में रह रहीं अफगान लड़कियों ने वर्षों बाद क्रिकेट खेला। तालिबान ने सत्ता पर काबिज होते ही उनके खेलने और उनकी क्रिकेट टीम पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद क्रिकेट खेलने वाली लड़कियां किसी तरह भागकर ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई थीं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से वे बीते सप्ताह अपना पहला मैच क्रिकेट विदाउट बार्डर्स टीम से खेलने में समर्थ हो सकीं। तालिबान मामूली मानव मूल्यों से भी रहित हैं। वे अपने यहां महिलाओं का जीना दूभर किए हुए हैं। चिंता और दुख की बात यह है कि दुनिया भर का स्त्रीवादी आंदोलन उनकी स्थिति पर लगभग खामोश है।

हमारे यहां भी उनके पक्ष में आवाज नहीं उठ रही है। मानवाधिकारों का चैंपियन बनने वाला अमेरिका भी खामोश है, जबकि उसकी कमजोरी के कारण ही तालिबान अफगानिस्तान में काबिज हुए थे। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिका को फिर से ग्रेट बनाने की बातें कर रहे हैं। उनकी बातों को सुनकर यह सवाल उठता है कि आखिर अमेरिका इतना कमजोर कैसे हो गया? देखा जाए तो उसकी कमजोरी का सबसे बड़ा उदाहरण अफगानिस्तान से उसका सिर पर पैर रखकर भागना रहा। अफगानिस्तान से भागते समय वह अपने सारे हथियार भी वहीं छोड़ गया, जिससे वहां काबिज हुए तालिबान और भी मजबूत हो गए।

अफगानिस्तान में तालिबान के आने के बाद सबसे ज्यादा कष्ट में वहां की महिलाएं और लड़कियां हैं। अफगानिस्तान की स्त्रियों-बच्चियों की समस्याएं भुला दी जाने लायक तो बिल्कुल भी नहीं हैं। सत्ता में आने के बाद से तालिबान महिलाओं और लड़कियों को हर जगह से खदेड़ रहे हैं।

वे घरों में बंद की जा रही हैं। वे किसी पुरुष को साथ लिए बिना घर से बाहर नहीं निकल सकतीं। वे अगर किसी टैक्सी में अकेली यात्रा करेंगी, तो उनके साथ-साथ टैक्सी चालक को भी सजा मिलेगी। न वे गा सकती हैं, न पार्क में जा सकती हैं, न किसी से तेज आवाज में बात कर सकती हैं और न ही संगीत सुन सकती हैं। इसके पीछे वहां के शासक कुतर्क दे रहे हैं कि पुरुष के बिना अकेली स्त्री किसी दूसरे पुरुष से संबंध बना सकती है। वह दूसरे पुरुष को आकर्षित कर सकती है और इससे उस स्त्री का चरित्र खराब हो सकता है।

उनकी मानें तो महिलाओं के जीवन का इकलौता काम सिर्फ पुरुषों को आकर्षित करना और उनसे संबंध बनाना है। इसीलिए उन्हें हर वक्त न केवल पर्दे में रहना होगा, बल्कि चेहरे को भी मोटे कपड़ों से हमेशा ढकना होगा। और तो और तालिबान ने उन स्वयंसेवी संस्थाओं पर भी रोक लगा दी है, जो महिलाओं के हितों के लिए काम करती हैं। बीते दिनों उसने महिलाओं द्वारा संचालित बेगम रेडियो भी बंद कर दिया।

तालिबान ने अफगानिस्तान में लड़कियों से शिक्षा का अधिकार भी छीन लिया है। अफगानिस्तान में छठी कक्षा के बाद लड़कियों की शिक्षा पर पाबंदी लगा दी गई है। एक तरफ तो वहां महिलाएं किसी पुरुष डाक्टर से इलाज नहीं करा सकतीं और दूसरी तरफ उनके नर्स, डाक्टर बनने पर भी रोक लगा दी गई है।

जब लड़कियां डॉक्टर और नर्स बनेंगी ही नहीं, तो बीमार पड़ने पर दिखाएंगी किसे? जाहिर है वहां स्त्रियों का जीवन एक अभिशाप की तरह है। तालिबानी कह रहे हैं कि लड़कियों का प्रथम और आखिरी कर्तव्य नौ साल की उम्र से बस शादी और बच्चे पैदा करना है।

शायद इसीलिए तालिबान ने हाल में यह फरमान जारी किया कि अब नए घरों में ऐसी खिड़कियां नहीं बनाई जा सकेंगी, जहां से महिलाएं बाहर देख सकें। जिन घरों में पहले से खिड़कियां हैं, उन्हें बंद करना पड़ेगा।

क्या इतनी भयानक तस्वीर की कल्पना भारत के किसी गांव की भी कोई स्त्री कर सकती है? क्या खिड़कियों के बिना किसी घर की कल्पना तक की जा सकती है? अफगान लड़कियों के लिए खेलना तो दूर रहा, उन्हें खेल देखने की भी इजाजत नहीं।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारी आत्मा का बाहरी रूप ध्यान है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बाद RBI ने कर दी रेपो दर में कटौती

भारतीय रिजर्व बैंक ने आखिरकार लंबे इंतजार के बाद, रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती की है। करीब पांच वर्ष पहले चालीस आधार अंक की कटौती की गई थी, जिससे ब्याज दर चार फीसद पर पहुंच गई थी। मगर बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के मकसद से तीन वर्ष पहले थोड़े-थोड़े अंतराल पर पांच बार पच्चीस-पच्चीस आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई, जिससे ब्याज दर साढ़े छह फीसद पर पहुंच गई। तब से यह दर इसी स्तर पर बनी हुई थी। रेपो दर ऊंची होने का असर बैंकों से लिए गए कर्ज के ब्याज पर पड़ रहा था। जिन लोगों ने मकान, वाहन या किसी रोजगार के लिए कर्ज लिए हैं, उन्हें अधिक ब्याज चुकाना पड़ रहा था। इसलिए मांग की जा रही थी कि रेपो दर में कटौती की जाए। मगर रिजर्व बैंक इस दिशा में कदम बढ़ाने से इसलिए हिचक रहा था कि महंगाई पर काबू पाना चुनौती बना हुआ था। अब महंगाई का रुख कुछ नीचे की तरफ नजर आने लगा है। अगले वित्त वर्ष में इसके चार फीसद के आसपास रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही है कि महंगाई को चार फीसद के आसपास समेट दिया जाए।

### कर्ज पर ब्याज का बोझ होगा कम

स्वाभाविक ही, रेपो दर में कटौती से मकान, वाहन आदि के लिए कर्ज पर ब्याज का बोझ कुछ कम होगा। दरअसल, केंद्रीय दर में बढ़ोतरी इसलिए की जाती है कि बाजार में पूंजी के प्रवाह को रोका जा सके, मांग घटे, ताकि महंगाई की दर नीचे उतरनी शुरू हो जाए। इसलिए रेपो दर में कटौती से बाजार में पूंजी का प्रवाह कुछ बढ़ सकेगा। इस तरह मांग भी कुछ बढ़ेगी। मगर देखने की बात है कि केवल पच्चीस आधार अंक की कटौती से बाजार में छाई सुस्ती कितनी टूट पाएगी।



दरअसल, बैंकों का कारोबार भी काफी मंद पड़ा हुआ है। इसलिए वे एकदम से रेपो दर में हुई कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना मुश्किल है। लंबे समय से रेपो दर ऊंची रहने से लोगों ने वाहन और मकान वगैरह खरीदने से हाथ रोक रखा था, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि फिर से लोग इन क्षेत्रों की तरफ आकर्षित होंगे।

सबसे चिंता की बात पिछले कुछ समय से विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट बनी हुई थी। जिस विनिर्माण क्षेत्र के बल पर सकल घरेलू उत्पादन ऊंचा बना हुआ था, वह मांग घटने की वजह से तीन फीसद के आसपास सिमट गया है। तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता उत्पाद की बिक्री पर भी बुरा असर देखा जाने लगा है। ऐसे में, रेपो दर में कटौती का कुछ अच्छा असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ने की उम्मीद है।

मगर, बाजार में छाई सुस्ती और मांग में कमी आने की वजह केवल ऊंची रेपो दर नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रति व्यक्ति आय में कमी है। कोरोना की बंदी के बाद बाजार तेजी से पटरी पर तो लौटा, मगर लोगों की आमदनी में बढ़ोतरी नहीं हो पाई। कई मामलों में प्रति व्यक्ति आय घटी है, जबकि उसकी तुलना में महंगाई काफी बढ़ गई है। इसलिए लोगों ने अपने दैनिक उपभोग में कटौती की है। रेपो दर में कटौती से जरूर लोगों की जेब पर पड़ने वाला बोझ कुछ कम होगा, मगर पच्चीस आधार अंक की कटौती इतनी मामूली है कि वह लोगों के उपभोग व्यय के रूप में रूपांतरित हो पाएगी, कहना मुश्किल है।

# दूल्हे ने कह दिया- 5 गाय मंडप में होंगी तभी करूंगा शादी

**जरा हट के**

आपने शादियां तो बहुत देखी होंगी – किसी में आलीशान होटल, किसी में लजीज पकवानों की भरमार और कहीं नाच-गाने का धूमधड़ाका, लेकिन कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ के सिद्धापुर में हुई इस अनोखी शादी के बारे में सुनेंगे, तो कह उठेंगे – "भाई, ये तो कुछ अलग ही था?" तो बात कुछ यूं है कि विद्वान वेदमूर्ति विश्वनाथ भट की बेटी मेधा भट और आस्ताल के नारायण भट के बेटे रामकृष्ण भट का विवाह किसी आम शादी जैसा नहीं था, बल्कि इसमें परंपरा और आध्यात्मिकता का ऐसा अनूठा संगम था, जिसे देख हर कोई दंग रह गया.

जरा सोचिए, मंडप में दूल्हा-दुल्हन के अलावा और कौन-कौन हो सकता है? परिवारवाले, रिश्तेदार, पुरोहित—ये तो आम बात है, लेकिन यहां एक खास मेहमानों की टोली भी थी—पांच देसी गायें, जिन्हें दुल्हन के पिता ने खासतौर पर मंडप में बांधा और सजाया.



ये वही गायें थीं, जिनका हमारे शास्त्रों में बड़ा महत्व बताया गया है और यही नहीं, शादी की रस्में पूरी होने के बाद हुआ असली गोदान. जी हां, वो परंपरा, जिसका जिक्र ग्रंथों में तो मिलता है, लेकिन आजकल अमूमन लोग इसे निभाने की बजाय चांदी या सोने की गाय दान करके काम चला लेते हैं. मगर यहां, विद्वानों के परिवार ने इसे असल रूप में किया.

इतना ही नहीं, शादी में स्थार्तयज्ञ नाम की एक प्राचीन विधि को भी पूरा किया गया, जिसमें पुराने समय की दुर्लभ यज्ञ सामग्रियों का प्रयोग किया गया. ये वो रस्म थी, जो अब शायद ही कहीं देखने को मिले.

### पूरे इलाके में अनोखी शादी की चर्चा

बस फिर क्या था! शादी में आए मेहमानों को महसूस हुआ कि वे किसी पौराणिक युग के दिव्य विवाह का साक्षी बन रहे हैं. पूरे इलाके में इस अनोखी शादी की चर्चा जोरों पर रही और जिसने भी इसके बारे में सुना, वही कह उठा – "अरे वाह! काश, हर शादी में इतनी ही परंपरा और भव्यता होती!"

# सिर्फ 4 सप्ताह में पिघल जाएगा एक्स्ट्रा फैट

**अधिकतर लोग एक जगह बैठकर घंटों काम करते रहते हैं, जिसकी वजह से उनके पेट की मसल्स एक्टिव नहीं रहती हैं. इसकी वजह से पेट के आसपास फैट जमा हो जाता है. धीरे-धीरे पेट की चर्बी बढ़ती रहती है और इसे कम करना बेहद मुश्किल काम होता है. पेट की चर्बी कम करने के लिए लोग कई तरह के सप्लीमेंट्स लेना शुरू कर देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए. हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो पेट की चर्बी कम करने के लिए लोगों को अपना रुटीन और खान-पान में बदलाव करना चाहिए. इसके अलावा अपने सोने-जागने और फिजिकल एक्टिविटी पर भी ध्यान देना होगा.**



डाइट मंत्रा क्लीनिक की डाइटिशियन कामिनी सिन्हा ने बताया कि पेट की चर्बी को आमतौर पर बैली फैट कहा जाता है. यह चर्बी कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है. इससे हार्ट डिजीज, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ सकता है. ऐसे में सभी लोगों को पेट पर जमी चर्बी को कम करने की कोशिश करनी चाहिए, वरना इससे गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं. अगर आप 4 सप्ताह में पेट की चर्बी कम करना चाहते हैं, तो सही डाइट, एक्सरसाइज और बेहतर लाइफस्टाइल को अपनाना होगा. लंबे समय तक अच्छा रुटीन फॉलो करेंगे, तो ज्यादा फायदा मिलेगा.

### इन तरीकों से 4 सप्ताह में कम करें पेट की चर्बी

- पेट की चर्बी कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप डाइट में बदलाव करें. डाइट में कैलोरी इनटेक को कम करें और फाइबर व प्रोटीन से भरपूर डाइट लें. ताजा फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दालें अपनी डाइट में शामिल करें. शुगर और प्रोसेस्ड फूड का सेवन कम करें, क्योंकि ये पेट की चर्बी को बढ़ाने का काम करते हैं. जंक फूड को पूरी तरह अवॉइड करें और शुगरी ड्रिंक्स न पिएं.
- बैली फैट को कम करने के लिए रोज एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है. कार्डियो एक्सरसाइज जैसे- रनिंग, साइक्लिंग, स्विमिंग और ब्रिस्क वॉक कैलोरी बर्न करने में मदद करती है. इससे पेट की चर्बी को कम करने में मदद मिलती है. पेट की चर्बी को टारगेट करने वाली एक्सरसाइज जैसे- प्लैंक, क्रंचेस और बाईसिकल क्रंचेस करें. ये एक्सरसाइज कोर मसल्स टोन करती हैं और पेट की चर्बी कम करती हैं.
- नींद की कमी और ज्यादा तनाव से भी पेट की चर्बी बढ़ सकती है. जब आप पर्याप्त नींद नहीं लेते, तो शरीर में हार्मोनल बदलाव होते हैं जो वजन बढ़ाने में मदद करते हैं. तनाव के दौरान शरीर में स्ट्रेस हार्मोन बढ़ जाता है, जो पेट के आसपास फैट जमा करता है. इसलिए 7-8 घंटे की गहरी नींद लें और तनाव कंट्रोल करें. इसके लिए मेडिटेशन और डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज कर सकते हैं.
- पेट की चर्बी कम करने के लिए रोज 3 से 4 लीटर पानी पीना बेहद जरूरी है. पानी न केवल शरीर से टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालता है, बल्कि यह भूख को भी नियंत्रित करता है. पानी पीने से आपका पेट भरा रहता है और आपको कम खाने की आदत बनती है. पानी आपके मेटाबोलिज्म को भी बढ़ाता है, जिससे कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया तेज होती है.
- अपने खाने की आदतों में कुछ छोटे बदलाव भी बेली फैट को कम करने में मदद कर सकते हैं. छोटे-छोटे हिस्सों में खाना खाएं और दिनभर में 5-6 बार खाना खाएं. इससे आपका मेटाबोलिज्म तेज रहेगा और फैट जलाने की प्रक्रिया लगातार चलती रहेगी. सादा, हल्का और पोषक तत्वों से भरपूर खाना खाएं. सूप, सलाद और ग्रिल्ड सब्जियां अपनी डाइट में शामिल करें.

# लौकी का मोमोज

खाना-खजाना

**वैलेंटाइन वीक स्टार्ट हो चुका है। अगर आप भी इसे सेलिब्रेट करने का अलग तरीका खोज रहे हैं तो अपने हाथों से कुछ स्पेशल बनाकर लवर को खिलाएं। मैक्सिकन टैकोज के तो काफी सारे लोग दीवाने रहते हैं। तो इस बार बिल्कुल आसान सी रेसिपी से घर में टैकोज बनाकर रेडी कर लें। नोट कर लें बनाने का तरीका।**

### सामग्रीः

- आधा कप मक्के का आटा
- आधा कप मैदा
- आधा चम्मच नमक
- हल्दी पाउडर
- उबले हुए एक कप राजमा
- बारीक कटा टमाटर
- बारीक कटा प्याज
- हरी धनिया बारीक कटी हुई
- हरी मिर्ची बारीक कटी हुई
- ग्रेटेड चीज
- चिली फ्लेक्स
- आरिगेनो
- रेड चिली सॉस
- टोमैटो सॉस
- मेयोनीज

### रेसिपी :

सबसे पहले आधा कप मक्के का आटा और आधा कप मैदा लें। इसमे स्वादानुसार नमक, थोड़ी सी हल्दी पाउडर डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें और आटा गूंथ लें।



अब इसे बेल लें और किसी बड़े साइज के प्लेट या ढक्कन से बिल्कुल गोल काट लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और इसे एक मिनट तक तलें। तल के बाहर निकालते ही फौरन इसे बेलन पर रोल कर दें। जिससे कि ये सॉफ्ट रहने पर ही मुड़कर रोल हो जाए। अब फिलिंग बनाने के लिए उबले राजमा पर बारीक कटा टमाटर, प्याज, हरी मिर्च और धनिया की पत्ती डालें। तैयार टैकोज को लें और उस पर मनचाही सॉस लगाएं। रेड चिली, टोमैटो और मेयोनीज को मिलाकर एक सॉस तैयार कर लें। इस सॉस को लगाएं और ऊपर से राजमा की फिलिंग रखें। चीज ग्रेट कर ऊपर से डालें और सॉस के टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# बॉम्बे ब्लड ग्रुप क्या है?

मुंबई के एक अस्पताल में पिछले दिनों 30 साल की एक महिला की किडनी ट्रांसप्लांट की गई, जिसकी पूरे देश में चर्चा हो रही है. किडनी ट्रांसप्लांट होना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस महिला का ब्लड ग्रुप रेयर था, जिसे बॉम्बे ब्लड ग्रुप के नाम से जाना जाता है. इस रेयर ब्लड ग्रुप के साथ इतनी बड़ी सर्जरी करना बेहद मुश्किल काम था, जिसकी वजह से ट्रांसप्लांट करने वाले डॉक्टर्स की जमकर तारीफ हो रही है. यह खबर सामने आने के बाद लोग यह जानना चाह रहे हैं कि बॉम्बे ब्लड ग्रुप क्या है और इसका नाम मायानगरी से क्यों जुड़ा हुआ है?




नई दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के प्रिवेंटिव हेल्थ एंड वेलनेस डिपार्टमेंट की डायरेक्ट डॉ. सोनिया रावत ने बताया कि बॉम्बे ब्लड ग्रुप एक बेहद रेयर ब्लड ग्रुप है, जिसे मेडिकल की भाषा में HH ब्लड ग्रुप कहा जाता है. यह सामान्य ABO ब्लड ग्रुप से अलग होता है, क्योंकि इसमें H एंटीजन की कमी होती है. इस ब्लड ग्रुप के लोग केवल इसी तरह का ब्लड ले सकते हैं. बाकी किसी ब्लड ग्रुप का खून उनके शरीर में नहीं चढ़ाया जा सकता है. यह ब्लड ग्रुप सबसे पहले 1952 में बॉम्बे में एक फैमिली में पाया गया था, जिसकी वजह से इसे बॉम्बे ब्लड ग्रुप नाम दिया गया.

डॉक्टर के मुताबिक भारत में यह ब्लड ग्रुप 10 हजार लोगों में से किसी 1 व्यक्ति में पाया जाता है. खासकर महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में बॉम्बे ब्लड ग्रुप के मामलों की संख्या थोड़ी ज्यादा होती है. हालांकि अन्य देशों में यह ब्लड ग्रुप बेहद रेयर है. भारत के अलावा अन्य देशों में 10 लाख लोगों में से किसी एक शख्स का खून बॉम्बे ब्लड ग्रुप का होता है. बॉम्बे ब्लड ग्रुप के व्यक्तियों के लिए ब्लड डोनेट करना और ब्लड लेना दोनों ही बेहद मुश्किल होते हैं. जब किसी बॉम्बे ब्लड ग्रुप के व्यक्ति को खून की जरूरत होती है, तो उसे बॉम्बे ब्लड ग्रुप के व्यक्ति का ही खून चढ़ाया जा सकता है.

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो ABO ब्लड ग्रुप के खून की बात करें, तो इसमें H एंटीजन होता है, जो A और B एंटीजन से जुड़कर ब्लड ग्रुप की पहचान निर्धारित करता है. उदाहरण से समझें तो अगर किसी व्यक्ति के खून में A एंटीजन है, तो उसे A ब्लड ग्रुप कहा जाता है. B एंटीजन होने पर उसे B ब्लड ग्रुप माना जाता है. AB ग्रुप में दोनों एंटीजन होते हैं, जबकि O समूह में न तो A और न ही B एंटीजन होता है. बॉम्बे ब्लड ग्रुप में H एंटीजन की कमी होती है. इसका मतलब यह है कि इन व्यक्तियों का खून किसी भी सामान्य ABO ब्लड ग्रुप (A, B, AB, O) में फिट नहीं आता है. इसी वजह से यह बेहद रेयर ग्रुप है.

# रोज नहाने के बाद लगाएं होममेड मॉइश्चराइजर

### हाथ-पैर हो जाएंगे सॉफ्ट और शाइनी

सर्दियां जब खत्म होने लगती हैं और हवाएं चलती हैं तो स्किन में रूखापन बढ़ जाता है। खासतौर पर हाथ-पैर जो अभी तक स्वेटर के अंदर छिपे थे। वहां की स्किन बिल्कुल बेजान और सख्त दिखती है। इस सख्त और बेजान रूखी स्किन को सॉफ्ट और शाइनी बनाने के लिए रोज नहाने के बाद इस घर में बने स्पेशल मॉइश्चराइजर को लगाना शुरू कर दें।

### घर में ऐसे बनाएं मॉइश्चराइजर

मार्केट में मिलने वाले बॉडी लोशन से पर्याप्त मात्रा में मॉइश्चर और न्यूट्रीशन स्किन को नहीं मिलती। इसीलिए जैसे ही इनका असर खत्म होता है स्किन फिर से रूखी और बेजान दिखने लगती है। लेकिन घर में नेचुरल ऑयल और इंग्रीडिएंट्स की मदद से जब मॉइश्चराइजर बनाकर लगाते हैं। तो ये स्किन को अंदर से नरिश करती है और सॉफ्ट बनाती है।

### बनाने का तरीका



- एक चम्मच बोरोलीन या कोई बॉडी लोशन
- एक चम्मच एलोवेरा जेल
- एक चम्मच ग्लिसरीन
- दो चम्मच बेबी ऑयल
- दो चम्मच तिल का तेल

किसी कांच के बाउल में बोरोलीन क्रीम और एलोवेरा जेल को लेकर फेंट लें। फिर इसमे ग्लिसरीन, बेबी ऑयल और तिल के तेल को डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब किसी साफ शीशी में ये मॉइश्चराइजर भरकर रख लें।

नहाने के फौरन बाद बाथरूम में ही इस मॉइश्चराइजर को हाथ-पैरों में लगाकर मसाज कर लें। ये स्किन को सॉफ्ट और शाइनी बनाने में मदद करेगी।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च की अधिकता से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कुसंगति व जल्दबाजी से बचें।

**वृषभ :** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। आर्थिक साधनों में बढ़ोतरी होगी। सामाजिक कार्यों में सीमित रहना चाहिए। समय का सदुपयोग होगा। परिवार में सुख-शांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी।

**मिथुन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। जल्दबाजी न करें। प्रवास में सावधानी रखें। विरोधियों एवं शत्रुओं के कारण अशांति होगी। नवीन कार्ययोजना की बातचीत में सफलता मिलने के संयोग बनेंगे।

**कर्क :** व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। व्यापार में स्वयं के निर्णय से काम कर पाएँगे। स्थायी संपत्ति क्रय करने में जल्दबाजी न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल होंगे। साहस, पराक्रम में वृद्धि होगी। वस्तुओं को संभालकर रखें।

**सिंह :** व्यापार, नौकरी में स्थिति मध्यम रहेगी। बुद्धि, विवेक से कार्य करने पर विघ्न-बाधाएँ दूर हो सकेंगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। मेहनत अधिक होगी। बुरी खबर मिल सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है।

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में गति आएगी। आर्थिक समस्याओं का निराकरण संभव है। व्यापार, कारोबार में नई जवाबदारी बढ़ेगी। धर्म में रुचि रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। परिवार में शांति का अनुभव होगा। व्यापार-व्यवसाय में अनुकूल अवसर प्राप्त होंगे। कानूनी कार्रवाई, कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना चाहिए। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छे समाचार मिलेंगे। विवाद से बचें।

**वृश्चिक :** धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। प्रसिद्ध व्यक्ति से मेलजोल बढ़ेगा। मकान, वाहन के क्रय-विक्रय की चर्चा संभव है। संतान की प्रगति से मन प्रसन्न रहेगा। रुका पैसा प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**धनु :** वस्तुएं संभालकर रखें। आर्थिक स्थिति से ऋण की समस्या उभरेगी। चापलूसों से सावधान रहें। लेन-देन में सावधानी रखें। अनिर्णय की परिस्थिति से दूर रहना चाहिए। अप्रत्याशित खर्च होंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**मकर :** आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भौतिक सुख-साधनों की प्राप्ति होगी। व्यापार में नई योजनाओं का श्रीगणेश संभव है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कुंभ :** आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यस्थल पर सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। योजना फलीभूत होगी। धनार्जन होगा। समाज, परिवार में आपकी सलाह को महत्व मिलेगा। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन में मतभेद खत्म होंगे।

**मीन :** राजकीय सहयोग मिलेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखकर कार्य करें। भागीदारी के कार्यों में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### बच्चों के विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा

**बरेली.** बरेली में बच्चों के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर महिला के कपड़े फाड़ दिए और छेड़छाड़ का मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। मगर इस मामले में किला पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत कर रिपोर्ट लिखाई है। किला क्षेत्र निवासी महिला का कहना है कि दो फरवरी की शाम उनकी ढाई वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान चांदू की बेटी ने उससे मारपीट की। उन्होंने घर जाकर शिकायत की तो चंदू गलियां देने लगा और डंडा लेकर पीछे दौड़ा। उससे बचने के वह घर में भागी तो वह भी पीछे पीछे आ गया। जमीन पर गिराकर चांदू ने उनके कपड़े फाड़ दिए और छेड़छाड़ कर गला दबा दिया, जिससे वह मरणासन्न हो गई।

### निर्दोषों को हुई 800 दिन की जेल, अब उतनी ही सजा काटेगा मृतका का पिता

**बरेली.** यूपी के बरेली में दहेज हत्या के केस में गवाही के दौरान कोर्ट में बयान से मुकरना मृतका के पिता को बहुत महंगा पड़ गया। न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की कोर्ट ने मामले में जितने दिन निर्दोष पति, सास-ससुर जेल में कैद रहे, उतने ही दिन की कारावास रिपोर्ट दर्ज कराने वाले मृतका के पिता को 800 दिन तक जेल में रहने की सजा सुनाई है। न्यूनतम मजदूरी के हिसाब से दो लाख 54 हजार 352 रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह राशि मृतका के पिता को निर्दोष पति, सास और ससुर को देना होगा।

### डीसीएम कंटेनर में जा घुसी, तीन की मौत

**लखनऊ.** लखनऊ के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। मध्य प्रदेश से बस्ती जा रही डीसीएम पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 128 किलोमीटर पर आगे जा रही कंटेनर में जा घुसी। सड़क दुर्घटना में डीसीएम सवार तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी है।

### गोंडा में युवक की हत्या के बाद सरयू नहर पटरी पर शव रखकर जलाया

**गोंडा.** यूपी के गोंडा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवक की हत्या करके शव को फेंक दिया गया। शव अधजला था। ग्रामीणों की जब नजर पड़ी तो हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तुरंत अपने कब्जे में लिया और फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई करेगी। शव किसका था, पुलिस इसकी पड़ताल करने में जुटी है। मामला बनबाबा पुरवा क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार भोर में एक युवक का अधजला शव सरयू नहर पटरी पर पड़ा था।

# दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा को स्पष्ट बहुमत

- AAP ने 40 सीटें गंवाई; भाजपा को 71% स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटों का फायदा

**नई दिल्ली.** भाजपा ने दिल्ली में 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से भाजपा ने 48 और आम आदमी पार्टी (AAP) ने 22 सीटें जीतीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है।

भाजपा ने 1993 में 49 सीटें यानी दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। 5 साल की सरकार में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम बनाए गए थे। 1998 के बाद कांग्रेस ने 15 साल राज किया। इसके बाद 2013 से आम आदमी पार्टी की सरकार थी।

**भाजपा ने 71% स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटें जोड़ीं**

| पार्टी | भाजपा | AAP | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| सीटों पर चुनाव लड़ा | 68 | 70 | 70 |
| सीटों पर जीते | 48 | 22 | 00 |
| स्ट्राइक रेट | 71% | 31% | 00% |

Source- Election Commission of India

इस बार भाजपा की 71% स्ट्राइक के साथ 40 सीटें बढ़ीं। पार्टी ने 68 पर चुनाव लड़ा, 48 सीटें जीतीं। वहीं, AAP को 40 सीटों का नुकसान हुआ। आप का स्ट्राइक रेट 31% रहा।

भाजपा ने पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9% से ज्यादा का इजाफा किया। वहीं, AAP को करीब 10% का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन वोट शेयर 2% बढ़ाने में कामयाब रही।



**कांग्रेस जीरो, लेकिन 14 सीटों पर AAP को हरवाया**

कांग्रेस दिल्ली में जीरो थीं, जीरो ही रही। लेकिन आम आदमी पार्टी को जरूर हरवा दिया। 14 सीटों पर आम आदमी पार्टी की हार का अंतर, कांग्रेस के मिले वोटों से कम है। यानी अगर AAP और कांग्रेस का गठबंधन होता, तो दिल्ली में गठबंधन की सीटें 37 हो जातीं और BJP 34 सीटों पर सिमट सकती थी। बहुमत के लिए 36 सीटें चाहिए।

**इंटरेस्टिंग फैक्ट्स...**

- 2020 में भाजपा ने महज 8 सीटें जीती थीं। 2025 में 6 गुना ज्यादा यानी 48 से ज्यादा सीटों पर जीती।
- केजरीवाल की नई दिल्ली सीट पर 20 उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई। इन्हें मिले वोट तीन अंक तक भी नहीं पहुंच सके।
- दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों के अनुसार, कांग्रेस के 70 में से 68 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है।
- केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने 4089 वोटों से हाराया, जबकि संदीप दीक्षित को 4568 वोट ही मिले।
- भाजपा के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे चुनाव जीत गए हैं। नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा और मोतीनगर से हरीश खुराना। प्रवेश पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। खुराना पूर्व सीएम मदन लाल खुराना के बेटे हैं।

# BJP ने सपा से मिल्कीपुर छीना

- अयोध्या हार का बदला
- 61 हजार वोट की सबसे बड़ी जीत
- सपा प्रत्याशी अपने बूथ पर हारे

**मिल्कीपुर.** अयोध्या हार का बदला भाजपा ने मिल्कीपुर जीत कर ले लिया। 8 साल बाद सपा से मिल्कीपुर विधानसभा छीन लिया। भाजपा ने मिल्कीपुर में अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी चंदभानु पासवान ने सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को 61 हजार 540 वोट से हराया।

अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर रिजल्ट पर कहा- ये भाजपा की झूठी जीत है। जिसका जश्न भाजपाई आंखों-में-आंखें डालकर नहीं मना पाएंगे। जिन अफसरों ने घपलेबाजी की, वो सजा पाएंगे। न कुदरत उन्हें बख्शेगी, न कानून।

यह इस सीट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले, 2012 में 39,237 वोट से अवधेश प्रसाद जीते थे। उपचुनाव में चंद्रभानु पासवान को 1,46,141 जबकि अजीत प्रसाद को 84,601 वोट मिले। सपा प्रत्याशी और अयोध्या सांसद के बेटे अजीत प्रसाद अपने ही बूथ से हार गए। लोकसभा चुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा में भाजपा को सपा से 7 हजार वोट कम मिले थे। 8 महीने में ही भाजपा ने बाजी पलट दी। तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सूरज चौधरी रहे हैं। उन्हें 5457 वोट मिले हैं। मिल्कीपुर में भाजपा पहले राउंड से ही बढ़त बनाए हुए थी।

### केजरीवाल के घर पहुंची ACB

दिल्ली के पूर्व CM अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा उनके विधायकों और कैंडिडेट्स को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दिए। केजरीवाल ने सुबह 11.30 बजे सभी 70 कैंडिडेट्स की मीटिंग ली थी। केजरीवाल के आरोपों के बाद भाजपा ने दिल्ली के LG वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोपों की जांच की मांग की। इसके बाद LG ने एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) को मामले की जांच के आदेश दिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ACB की टीम केजरीवाल, सांसद संजय सिंह और मुकेश अहलावत के घर जांच के लिए पहुंची।

**वर्षों की प्रतिष्ठा पल भर में नष्ट कर दी**

# रेप केस में सेना का पूर्व मेजर बरी

- 'पीड़िता' पर केस दर्ज करने का आदेश



**नई दिल्ली.** दिल्ली की एक अदालत ने 2018 में घरेलू सहायक के साथ रेप के आरोप में घिरे एक पूर्व सेना मेजर को बरी कर दिया और मामले में झूठी गवाही देने पर शिकायतकर्ता (पीड़िता) के खिलाफ धारा 340 सीआरपीसी के तहत मामला दायर करने के आदेश दिए हैं। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) पवन कुमार ने 3 जनवरी को दिए अपने आदेश में कहा, ₹मौजूदा मामले में यह सिद्ध हो चुका है कि पीड़िता ने इस अदालत के समक्ष झूठा बयान दिया... न्यायहित में यह आवश्यक है कि उसके खिलाफ प्रति-वाद की शिकायत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नई दिल्ली की अदालत में भेजी जाए।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता की गवाही ₹स्पष्ट विरोधाभासों और मनगढ़ंत बातों से भरी हुई थी, जिससे उस पर विश्वास करना मुश्किल था।₹ न्यायाधीश ने कहा कि 'पीड़ित' केवल शिकायतकर्ता तक सीमित नहीं होता, कई बार वास्तविक पीड़ित आरोपी भी हो सकता है। उन्होंने कहा, ₹किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा वर्षों की मेहनत से बनती है, लेकिन कुछ झूठ उसे पल भर में नष्ट कर सकते हैं। इस मामले में मात्र बरी किया जाना आरोपी के लिए पर्याप्त नहीं है, क्योंकि उसे झूठे आरोपों की वजह से गंभीर मानसिक और सामाजिक पीड़ा सहनी पड़ी।

**झूठे आरोपों से फंसाने की दलील**

मेजर के वकील भरत चुग ने कोर्ट में तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को पैसे ऐंठने के उद्देश्य से झूठे मामले में फंसाया गया था। वकील ने यह भी कहा कि पीड़िता ने अपनी कहानी कई बार बदली और नौ दिन की देरी के बाद झूठे आरोप लगाए। एफआईआर के अनुसार, घटना 12 जुलाई 2018 की रात हुई थी। उसी रात पीड़िता के पति ने आरोपी के घर से सटे नौकर क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पीड़िता अपने पति और दो बच्चों के साथ वहां तीन महीने से रह रही थी।

# इनकम टैक्स बिल को कैबिनेट की मंजूरी

- 11 फरवरी को लोकसभा में पेश किया जा सकता है
- टैक्सेशन सिस्टम में इससे सुधार आएगा



**नई दिल्ली.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी। इसे सोमवार को लोकसभा में पेश किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बिल टैक्सेशन सिस्टम में सुधार के लिए एक बड़ा सुधार ला सकता है।

नए इनकम टैक्स बिल को अक्सर डायरेक्ट टैक्स के तौर पर देखा जाता है। इसका मोटिव मौजूदा टैक्स स्ट्रक्चर सिस्टम में सुधार लाना है। इसे और ज्यादा व्यवस्थित और ट्रांसपेरेंट बनाना है। इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (PMKVVY 4.0) प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस प्रमोशन स्कीम (PM-NAPS) और जन शिक्षण संस्थान (JSS) योजना अब सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्किल इंडिया प्रोग्राम में शामिल की गई हैं।

**राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को 3 साल का विस्तार**

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK) के कार्यकाल को तीन साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी गई है। आयोग का वर्तमान कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त होना था और इसे 31 मार्च, 2028 तक बढ़ा दिया गया है।

### रईसजादों ने कार से 6 छात्राओं को रौंदा

**मुरादाबाद.** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में शुक्रवार तेज रफ्तार कार ने 12वीं की 6 छात्राओं को रौंद दिया। हादसे में छात्राएं उछलकर कई मीटर दूर गिरीं। एक छात्रा कार के बोनट में फंस गई। गाड़ी ने उसे कुचल दिया। हादसे के वक्त कार 100 की स्पीड में थी।

राहगीरों ने कार को दौड़कर रोका। तभी 4 युवक कार से उतरकर भाग गए। कार चला रहे युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। एक आरोपी के पिता बड़े कपड़ा कारोबारी हैं।

सभी छात्राएं शिरडी साईं स्कूल की हैं। हादसे के वक्त वे स्कूल से लौट रही थीं। हादसा शुक्रवार दोपहर 12 बजे रामगंगा विहार में गोल्डन गेट और आनंदम सिटी हाउसिंग सोसाइटी वाली रोड का है।

# दिल्ली में AAP की हार पंजाब सरकार में मायूसी

- CM भगवंत मान ने 12 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार किया
- सभी में हार मिली

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा में भाजपा की जीत के बाद पंजाब में पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। दिल्ली के बाद पंजाब ही ऐसा राज्य है, जहां आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता में है। मतगणना के शुरुआती रुझानों से ही भाजपा ने दिल्ली में बढ़त बनाए रखी थी। पंजाब के सीएम भगवंत मान और पंजाब के मंत्रियों का जादू भी दिल्ली में नहीं चला और पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

सीएम भगवंत मान ने सभी बड़े नेताओं के इलाकों में जाकर रोड शो किए। लेकिन इसके बावजूद आप जीत से कोसों दूर रही। सीएम भगवंत मान को उन 12 विधानसभा क्षेत्रों में भी हार का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने प्रचार किया था। सीएम भगवंत मान ने दो सप्ताह के भीतर दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों का दौरा किया था, जिसमें से केजरीवाल के विधानसभा क्षेत्र नई दिल्ली और मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र जंगपुरा के अलावा शकूरबस्ती, आदर्श नगर, पालम, जनकपुरी, द्वारका, मादीपुर, रोहतास नगर, कस्तूरबा नगर, विकासपुरी, विश्वासनगर में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है।

### नहर में कूदी ब्लॉगर की लाश मिली

**पानीपत.** हरियाणा के पानीपत में नहर में कूदी दिल्ली की ब्लॉगर श्रुतिका (25) का शव देर रात सोनीपत के खुबडू झाल में मिला। वह 5 फरवरी को पानीपत के जट्टू रोड स्थित एक होटल में अपने लिव-इन पार्टनर से मिलने आई थी। झगड़े के बाद नहर में कूद गई।

युवक ने पुलिस को सफाई दी है कि वह उसे बचाने के लिए नहर में कूदा था, लेकिन बचा नहीं पाया। दोनों 7 महीने से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।

ब्लॉगर के परिजनों के मुताबिक, दोनों दिसंबर में शादी करने वाले थे। युवक पहले से शादीशुदा है। वह श्रुतिका से कहता था कि अपनी पत्नी को तलाक दे देगा। मां की शिकायत पर पानीपत पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ BNS की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# छुट्टी न मिलने पर 4 सहकर्मियों को चाकू मारा

- खून से सना चाकू लेकर सड़क पर घूमता रहा
- बंगाल के सरकारी कर्मचारी का वीडियो वायरल



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में सरकारी कर्मचारी ने छुट्टी न मिलने पर 4 साथी कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वो खून से सना चाकू लेकर सड़क पर घूमता रहा। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

अधिकारियों के मुताबिक, उत्तर 24 परगना जिले के सोदेपुर के घोला का रहने वाला अमित सरकार पश्चिम बंगाल सरकार के टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट में है। वो अभी कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में कारीगरी भवन में पोस्टेड है।

शुक्रवार सुबह छुट्टी को लेकर उसका साथी कर्मचारियों से झगड़ा हो गया, जिसके बाद उसने उनपर चाकू से हमला कर दिया। चारों घायलों- जयदेव चक्रवर्ती, शांतनु साहा, सार्था लाते और शेख सताबुल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**चाकू लेकर घूमने का वीडियो वायरल**

हमला करने के बाद अमित सरकार ऑफिस से निकलकर सड़क पर भागने लगा। राहगीरों ने इसकी वीडियो बना ली। इन वीडियो में वो दिनदहाड़े चाकू लेकर घूमते दिख रहा है, उसकी पीठ पर एक बैग और हाथ में एक और बैग है। वो राहगीरों को उसके पास न आने की चेतावनी दे रहा है।

### जहरीली महुआ शराब पीने से 7 मौतें

**बिलासपुर.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जहरीली महुआ शराब पीने से सरपंच के भाई समेत 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 की हालत गंभीर है, जिनका सिम्स में इलाज जारी है। हालांकि मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी। वहीं कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की है। घटना कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी की है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को पहले एक की मौत हुई, फिर दो लोगों की जान गई, तब बीमारी समझकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। फिर शुक्रवार की रात एक साथ चार लोगों की मौत हुई, तब कई दिनों से महुआ शराब पीने की सूचना मिली। मरने वाले सभी एक ही गांव के रहने वाले थे।

# वंदे भारत के यात्रियों की बल्ले-बल्ले

- रेलवे ने बदल दिया नियम



**नई दिल्ली.** वंदे भारत से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशबरी है। रेलवे बोर्ड ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के यात्री टिकट बुकिंग के दौरान यदि भोजन का कोई विकल्प नहीं चुनते हैं, तो वे रेलगाड़ी में भी इसे खरीद सकते हैं। रेलवे बोर्ड ने शुक्रवार को भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को जारी एक परिपत्र में कहा, ''वंदे भारत रेलगाड़ियों में 'करेंट बुकिंग' (चार्ट बनने के बाद और ट्रेन रवाना होने से पहले होने वाली) और (भोजन का) विकल्प नहीं चुनने वाले यात्रियों को विकल्प और पर्याप्त खानपान सुविधाएं मुहैया कराने के लिए इन ट्रेनों में भोज्य पदार्थों की बिक्री और सेवा आईआरसीटीसी द्वारा फिर से बहाल की जा सकती है।''

परिपत्र में कहा गया है, ''करेंट बुकिंग और (भोजन का) विकल्प न चुनने वाले यात्रियों के लिए पका हुआ भोजन (यदि उपलब्ध हो) का विकल्प बहाल किया जा सकता है, जो 'रेडी टू इट' भोजन के विकल्प के अतिरिक्त होगा।'' रेलवे अधिकारियों ने कहा कि काफी संख्या में यात्री अक्सर शिकायत करते थे कि आईआरसीटीसी कर्मचारी उन्हें भोजन मुहैया नहीं कराते हैं, भले ही वे भुगतान करना चाहते हों। इसका कारण, यह बताया जाता था कि टिकट बुकिंग के दौरान उन्होंने यह विकल्प नहीं चुना था।

रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ''अक्सर ऐसा होता है कि आप बुकिंग के समय 'प्रीपेड' भोजन का विकल्प नहीं चुनते हैं, लेकिन यात्रा के दौरान ऐसी परिस्थितियां आती हैं कि आप भोजन खरीदना चाहते हैं। इन मामलों में, आईआरसीटीसी कर्मचारी ऐसे यात्रियों के भुगतान करने के बाद भी इसे देने से मना कर देता है।''

उन्होंने कहा, ''अब नीतिगत तौर पर हमने तय किया है कि जिन यात्रियों ने 'प्रीपेड' भोजन का विकल्प नहीं चुना है, वे भी ट्रेन में गुणवत्तापूर्ण भोजन खरीद सकते हैं।''

# पूर्व क्रिकेटर साईराज राजस्थान रॉयल्स के स्पिन कोच होंगे

- बोले-रॉयल्स से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं



पूर्व भारतीय स्पिनर साईराज बहुतुले IPL में राजस्थान रॉयल्स से एक बार फिर से जुड़ेंगे। वे टीम के स्पिन कोच होंगे। बहुतुले अभी तक नेशनल क्रिकेट एकेडमी (NCA) में प्लेयर्स को ट्रेनिंग देते थे। राहुल द्रविड़ की कोचिंग में बहुतुले ने भारतीय टीम के स्पिन सलाहकार के रूप में काम किया था। वे 2018 से 2021 IPL सीजन में रॉयल्स के लिए स्पिन कोच थे। बहुतुले ने भारत के लिए डेब्यू 1997 में श्रीलंका के खिलाफ किया था। राजस्थान टीम में साईराज गेंदबाजी कोच न्यूजीलैंड के शेन बॉन्ड के साथ काम करते दिखेंगे। टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं। बहुतुले ने शुक्रवार को क्रिकबज से कहा, 'टीम और मेरे बीच डिस्कसन जारी है। मैं फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने के करीब हूं। अभी भी कुछ जगहों पर काम किया जाना बाकी है। रॉयल्स के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। राहुल के साथ काम करना हमेशा से अच्छा रहा है।' राहुल ने ही मुझे 2023 में पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के समय भारतीय टीम से जोड़ा था, जब मैंने स्पिन-गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था। मैं श्रीलंका में उनके कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा था।

**भारत के लिए 2 टेस्ट और 5 वनडे खेले**

52 साल के बहुतुले ने भारत के लिए 2 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेले हैं। रॉयल्स ने IPL-2025 के मेगा ऑक्शन में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, आकाश मधवाल और फजलहक फारूकी को खरीदा था। टीम ने श्रीलंकाई स्पिनर महेश तीक्षणा, वनिंदु हसरंगा और कुमार कार्तिकेय को टीम में शामिल किया है।

# मोदी ने 'यमुना मैया की जय' का नारा लगाया

- कहा- इसे दिल्ली की पहचान बनाएंगे
- AAP की हार से अन्ना हजारे को पीड़ा से मुक्ति मिली

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पीएम मोदी ने भाजपा हेडक्वॉर्टर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत यमुना मैया की जय के नारे के साथ की।

उन्होंने कहा- आज दिल्ली में दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है। आपने दिल खोलकर प्यार दिया। मैं दिल्लीवालों को नमन करता हूं।

**दिल्लीवालों को नमन:** आज दिल्ली में, दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आ-पदा से मुक्त कराने का है। मैं दिल्ली के हर परिवारजन को मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए सिर झुकाकर नमन करता हूं।

**केजरीवाल पर तंज:** दिल्ली को मालिक होने का जिन्हें घमंड था, उनका सच से सामना हो भी गया है। दिल्ली के जनादेश से स्पष्ट है कि राजनीति में शॉर्ट कट के लिए, झूठ और फरेब के लिए कोई जगह नहीं है। जनता ने शॉर्ट कट वाली राजनीति का शॉर्ट सर्किट कर दिया है।

**अन्ना हजारे को सहानुभूति:** आप-दा वाले यह कहकर राजनीति में आए थे कि राजनीति बदल डालेंगे, लेकिन ये कट्टर बेईमान निकले। श्रीमान अन्ना हजारे का बयान सुन रहा था। वे काफी समय से इन आप-दा वालों के कुकर्मों की पीड़ा झेल रहे थे। आज उन्हें भी उस पीड़ा से मुक्ति मिली होगी।

**कांग्रेस पर निशाना:** कांग्रेस परजीवी पार्टी बन चुकी है। खुद तो डूबती है, अपने साथियों को भी डुबोती है। कांग्रेस एक के बाद एक सहयोगियों को खत्म कर रही है। INDI गठबंधन के दल अब कांग्रेस का कैरेक्टर समझने लगे हैं।




**कार्यकर्ताओं को धन्यवाद:** देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं और दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं के मन में टीस थी। टीस थी दिल्ली की पूरी तरह से सेवा न कर पाने की। आज दिल्ली ने हमारा वो आग्रह भी मान लिया। सभी कार्यकर्ताओं को मेरा धन्यवाद।

**राजनीति में युवाओं का आह्वान:** मैंने एक लाख नौजवानों को राजनीति में आने को कहा है। देश को सही मायने में एक गंभीर पॉलिटिकल ट्रांसफॉर्मेशन की जरूरत है, विकसित भारत को नई प्राण शक्ति की जरूरत है, राजनीति को नए आइडिया, राजनीति और चिंतन की जरूरत है।

**नारी शक्ति को नमन:** देश की नारी शक्ति का आशीर्वाद हमारा सबसे बड़ा रक्षा कवच है। एकबार फिर नारी शक्ति ने दिल्ली में मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। ओडिशा, महाराष्ट्र या हरियाणा हर राज्य में नारी शक्ति से किए हर वादे को पूरा किया है। मैं दिल्ली की मातृ शक्ति से कहता हूं हर वादा पूरा करूंगा।

**यमुना के लिए शपथ:** दिल्ली का तो अस्तित्व ही मां यमुनाजी की गोद में पनपा है। दिल्ली के लोग यमुना की इस पीड़ा को देखकर आहत हो रहे हैं। मैंने संकल्प लिया है कि यमुनाजी को हम दिल्ली शहर की पहचान बनाएंगे। समय कितना ही क्यों न लगे, शक्ति कितनी ही क्यों न लगे, हम पूरा प्रयास करेंगे।

**दिल्ली से वादा:** पहली बार दिल्ली-NCR के हर प्रदेश में भाजपा का शासन आया है। आजादी के बाद यह पहली बार हुआ है। इससे दिल्ली और पूरे NCR में तरक्की के अनगिनत रास्ते खुलने जा रहे हैं। आनेवाले समय में इस क्षेत्र के नौजवानों को तरक्की के नए-नए रास्ते मिलेंगे।

**मिडिल क्लास को प्राथमिकता:** NDA की गारंटी, सुशासन की गारंटी। इसका फायदा गरीब को भी होता है और मिडिल क्लास को भी होता है। हर वर्ग के बहुत सारे प्रोफेशनल हमारी पार्टी में काम कर रहे हैं। यह इसलिए क्योंकि हमारी पार्टी ने हमेशा मिडिल क्लास को प्राथमिकता पर रखा है।

## संक्षेप...

### 1300 किलो गौमांस के साथ ले जाते हुए टेंपो चालक गिरफ्तार

**कल्याण.** कल्याण ग्रामीण तालुका टिटवाला पुलिस स्टेशन की हद में मुरवाड़ रोड पर टेंपो में बिक्री के लिए लेजारहे 1300 किलो गौ मांस के साथ एक टेंपो चालक को गिरफ्तार किया गया हैं, उसके पास से कुल 4 लाख 95 हजार का सामान जब्त किया गया हैं और आगे की जांचताल की जा रही हैं, कल्याण तालुका टिटवाला पुलिस टीम को गस्त करते समय खबरी से सूचना मिली थी कि मुरबाड़ की तरफ से एक टेंपो में गौ मांस बिक्री के लिए लाया जा रहा है.

# महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर' पर घमासान

# एकनाथ शिंदे बोले- पिक्चर अभी बाकी है

**मुंबई.** महाराष्ट्र की सियायत में 'ऑपरेशन टाइगर' को लेकर बड़ा घमासान मचा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों को तोड़ने के लिए ऑपरेशन टाइगर चला रहे हैं और जल्द ही ठाकरे की शिवसेना के 7 मौजूदा सांसद शिंदे गुट में शामिल हो रहे हैं।

महाराष्ट्र में मचे सियासी बवंडर के बीच एकनाथ शिंदे ने 'ऑपरेशन टाइगर' के आरोपों पर शुक्रवार की शाम बड़ा बयान दिया है। इसके साथ ही शिंदे ने अपने पूर्व करीबी उद्धव ठाकरे पर जमकर हमला बोला है। इतना ही नहीं शिंदे की प्रतिक्रिया के बाद महाराष्ट्र में सियासी भूचाल आना तय माना जा रहा है।

### एकनाथ शिंदे बोले- बड़ा सॉलिड झटका मारा है

एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर तीखा प्रहार करते हुए कहा उन्हें 440 वॉल्ट का झटका तो महाराष्ट्र की जनता ने विधानसभा चुनाव में दे दिया है, उससे वो अभी उभर नहीं पाए है। शिंदे ने कहा चुनाव में महाराष्ट्र के लोगों ने हम पर भरोसा जताया है, लोगों ने उन्हें एक ही झटका मारा है, लेकिन बड़ा सॉलिड झटका मारा है।



### एकनाथ शिंदे बोले- शेर का कलेजा होना चाहिए

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'ऑपरेशन टाइगर' के आरोपों पर कहा कि शेर की खाल पहनकर कोई शेर नहीं हो सकता है, उसके लिए शेर का कलेजा होना चाहिए। शिंदे ने कहा कि लोग मेरे काम से प्रभावित होकर मुझे मिलने आते रहते हैं। इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए।

### एकनाथ शिंदे ने क्यों कहा 'पिक्चर अभी बाकी है'

एकनाथ शिंदे ने कहा जब महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री था तब भी मेरे आवास वर्षा के दरवाजे हर किसी के लिए खुले थे, आज भी हमारे दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। इसके साथ ही शिंदे ने मुस्कुराते हुए कहा ये तो ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।

# कम्युनिस्ट पार्टी का प्रदर्शन




उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** शासन में प्रलंबित मुद्दों को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (CPI) के कार्यकर्ताओं ने मनपा मुख्यालय के सामने आनंद दिघे चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व CPI के जिला सचिव कॉमरेड विजय कांबले।, आत्माराम विशे, रमेश जाधव, शहर सचिव मदार खान, प्रदीप तुंगार और संभाजी भेरे ने किया.प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि भिवंडी क्षेत्र के आदिवासी घरकुल और शौचालय लाभार्थियों की सूची बनाकर तुरंत लागू की जाए. राशन वितरण कार्यालय द्वारा इष्टांक न होने का हवाला देकर राशन कार्ड धारकों को मुफ्त अनाज से वंचित रखा जा रहा है, जिसे तुरंत रोककर जरूरतमंदों को राशन उपलब्ध कराया जाए. आदिवासी समाज के वन अधिकार दावों को तत्काल मंजूर करने और व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने की अपील की गई. प्रतिनिधिमंडल ने उप-विभागीय अधिकारी के कार्यालय में जाकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा.

# मानसरोवर काम्प्लेक्स में मूलभूत सुविधाएं नदारद

- मनपा की लापरवाही से नागरिक नाराज

उल्हास विकास संवाददाता




**भिवंडी.** वराला देवी के खूबसूरत तालाब के सामने बसा हुआ मानसरोवर गार्डेन रहिवासी कांप्लेक्स की शुमार शहर के पाश रहिवासी कालोनी में की जाती है. शहर की पॉश रहिवासी कालोनी में शुमार मानसरोवर में दर्जनों आलीशान इमारतों में करीब 5,000 लोग रहते हैं. मानसरोवर गार्डेन में मनपा द्वारा स्वच्छता कार्यों, जलापूर्ति के अलावा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं पर वर्षों से कोई अपेक्षित ध्यान नहीं देने से रहिवासी मनपा प्रशासन को कोसते दिखाई पड़ते हैं.

करीब 10 वर्षों में मानसरोवर से सैकड़ों की तादाद में मारवाड़ी,गुजराती समाज के धनाढ्य लोग ठाणे से भिवंडी आने जाने में होने वाली भारी ट्रैफिक से तंग आकर अपना आशियाना बेच कर अथवा भाड़े से देकर ठाणे, कल्याण, मुंबई की तरफ शिफ्ट हो गए. मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 3 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 की पहचान रखने वाले मानसरोवर में मनपा द्वारा सिर्फ पानी, स्वच्छता मुहैया कराई जाती है. मानसरोवर स्थित शंकर मंदिर में रहिवासी भारी तादाद में पूजा अर्चना करने आते है.

भिवंडी मनपा द्वारा मानसरोवर रहिवासी कांप्लेक्स में खेल मैदान, गार्डन,सांस्कृतिक भवन आदि नागरिकों की मूलभूत सुविधा को वर्षों से नजरअंदाज किया गया है. कॉम्लेक्स के अंदर की नाली, गटर टूटी और ढक्कन विहीन होकर मनपा को मुंह चिढ़ा रही हैं.लोगों का आरोप है कि, मनपा के पूर्व जनप्रतिनिधि भी मानसरोवर रहिवासियों की मूलभूत सुविधा की खातिर कोई सार्थक प्रयास किए जाने में पूर्णतया असफल रहे हैं.

मानसरोवर गेट के बाहर चौक के दोनों तरफ बने हुए मैरिज हाल में नित्य शादी समारोह सहित होने वाले अन्य आयोजनों में लोगों की भारी भीड़ जमा होती है लेकिन मनपा कोई भी सुविधा देने में असफल है.मनपा आयुक्त निवास भी इसी क्षेत्र में आने के बाद भी कोई ध्यान मनपा का नहीं है.

वराला देवी तालाब के किनारे कुछ दूरी पर स्थित मानसरोवर रहिवासी मनपा को प्रतिवर्ष लाखों रुपया टैक्स भुगतान के बाद भी नागरिक सुविधाओं खेल मैदान,ग्राउंड,गार्डन आदि से कोसों दूर हैं.



मानसरोवर में नागरिकों की सुविधा के लिए मनपा ने कोई ध्यान नहीं दिया है .बच्चों को खेलने के लिए गार्डन,खेल मैदान नहीं हैं .स्ट्रीट लाइटें भी अधिकतर बंद रहती हैं .इस्कान मंदिर में दर्शनार्थियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर रहिवासीयों की सुरक्षा के लिए पुलिस को उचित कदम उठाना चाहिए .

**-प्रवीण पाटिल** शहराध्यक्ष एनसीपी, मानसरोवर रहिवासी



मानसरोवर शहर की पाश सोसाइटी होने के बाद भी सुविधाओं से काफी दूर है . टैक्स भुगतान के बाद भी मनपा प्रशासन बेहतरी के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाता है .साफ सफाई भी ठीक से नहीं होने से सड़क किनारे कचरा,गंदगी फैली रहती है . रहिवासी कॉम्लेक्स की मुख्य सड़क भी ठीक से मरम्मत नहीं की जाती है .

**-मनोज सिंह** वरिष्ठ भाजपा नेता,मानसरोवर रहिवासी

# ढाई करोड़ रुपये का मेफेड्रोन जब्त

- घर में ड्रग्स बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार




**पालघर.** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने करीब ढाई करोड़ रुपये (2.42 करोड़) मूल्य का प्रतिबंधित नशीला पदार्थ मेफेड्रोन (MD) जब्त किया है. इसके साथ ही पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो अपने घर में इस मादक पदार्थ का निर्माण कर रहा था.

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि पालघर के बोईसर इलाके में स्थित एक घर में अवैध रूप से नशीले पदार्थ का निर्माण किया जा रहा है. इस सूचना के आधार पर पुलिस की एक विशेष टीम ने शुक्रवार देर रात छापेमारी की. पुलिस को वहां से मेफेड्रोन के अलावा, ड्रग्स बनाने के उपकरण भी बरामद हुए.

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का नाम अमान मुराद है, जो केमिस्ट्री में पोस्ट-ग्रेजुएट) है. आरोपी ने अपने घर को ही ड्रग्स लैब में बदल रखा था और वहां पर अवैध रूप से मेफेड्रोन तैयार कर रहा था.

### NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज

पालघर के DSP विकास नाइक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस (Narcotic Drugs and Psychotropic Substances) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या आरोपी के कोई साथी भी थे, और वह किसे ड्रग्स सप्लाई कर रहा था तथा इसके लिए कच्चा माल कहां से लाता था.

पुलिस इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है. अधिकारियों का कहना है कि पालघर और आसपास के इलाकों में ड्रग्स तस्करी पर सख्त निगरानी रखी जा रही है. पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह आरोपी किसी बड़ी ड्रग्स सिंडिकेट का हिस्सा था या अकेले ही यह गैरकानूनी कारोबार कर रहा था.

# दमकल कर्मियों ने चील को दिया जीवनदान



**भिवंडी.** पतंगबाजी में प्रयुक्त नायलॉन मांजा में फंसी चील की जान को दमकल कर्मियों ने बचाई. तीनबत्ती इलाके में ऊंचे पीपल के पेड़ पर चील मांजे में बुरी तरह उलझ गई थी.पक्षियों के चहचहाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों का ध्यान इस ओर गया. जागरूक नागरिकों द्वारा सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों की टीम ने कुशलता से चील को पेड़ की शाखाओं से मुक्त किया.चील के पैर में फंसे मांजे को सावधानीपूर्वक काटा गया.चील को पानी पिलाकर थोड़ी देर बाद आसमान में छोड़ दिया गया. नागरिकों ने दमकल विभाग की सराहनीय कदम की प्रशंसा की.

# सेल्फी के चक्कर में युवक ने गंवाई जान

- पटरियों पर फोटो ले रहा था, पीछे से ट्रेन आ गई

**बदलापुर.** रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ रेलवे ट्रैक पर सेल्फी और फोटो लेने गए एक युवक की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि अंबरनाथ और बदलापुर के बीच फ्लाईओवर के नीचे रेलवे पटरियों पर सेल्फी लेते समय एक लंबी दूरी की ट्रेन की चपेट में आने से 24 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

कल्याण में रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दो दिन पहले मंगलवार शाम को अंबरनाथ और बदलापुर स्टेशनों के बीच फ्लाईओवर के नीचे हुई। जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंढरी कांदे ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में साहिर अली नामक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। साहिर अली मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहनेवाला था।

मंगलवार को साहिर अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ अंबरनाथ-बदलापुर के बीच फ्लाईओवर के नीचे रेलवे पटरियों के पास गए थे। बताया जा रहा है कि ये लोग वहां सेल्फी और ग्रुप फोटो लेने गए थे। हालांकि, इस बार



सेल्फी लेने के चक्कर में उन्होंने यह नहीं देखा कि कोयना एक्सप्रेस पूरी गति से पीछे से आ रही थी। वह तेज गति से आ रही कोयना एक्सप्रेस की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेन ने हॉर्न बजाया और वहां मौजूद लोगों ने भी हॉर्न बजाया, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी के जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने साहिर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच जारी है।

# गायमुख से दहिसर मेट्रो और गायमुख घाट रोड कंक्रीट का काम एक साथ शुरू किया जाए

- परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक का एमएमआरडीए को निर्देश

**ठाणे.** परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने एमएमआरडीए को निर्देश दिया कि गायमुख से दहिसर मेट्रो और गायमुख घाट रोड का कंक्रीट कार्य एक साथ शुरू किया जाए। साथ ही इसलिए मनपा को घोड़बंदर क्षेत्र के आंतरिक सड़कों के विकास के लिए सभी आवश्यक सहयोग और समन्वय के लिए निर्देश दिया ।गायमुख मेट्रो और सड़क का काम एक साथ शुरू होने से काम एक साथ पूरा होगा और बार-बार ट्रैफिक की समस्या भी नहीं होगी।



इस दौरान नागरिकों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन भविष्य में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी ।ठाणे मनपा क्षेत्र की सरकारी निधि से एमएमआरडीए के माध्यम से की जाने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं,नागला बंदर खाड़ी तटीय विकास परियोजना, घोड़बंदर रोड पर यातायात की स्थिति आदि की समीक्षा के लिए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की अध्यक्षता में मनपा मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई ।यह बैठक ठाणे मनपा मुख्यालय में आयोजित की गई ।इस बैठक में ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, एमएमआरडीए अतिरिक्त आयुक्त अश्विन मुदगल, ठाणे मनपा अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, मनपा नगर अभियंता प्रशांत सोनगरा, एमएमआरडीए निदेशक अनिल सालुंखे, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता सिद्धार्थ तांबे, मुंबई महानगर क्षेत्र प्राधिकरण के अधीक्षक अभियंता विनय सुर्वे,यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा के जीत पर ठाणे भाजपा कार्यालय पर विजयोत्सव



उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के पूर्ण बहुमत से विजय होने के उपलक्ष्य में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले के नेतृत्व में वर्तक नगर स्थित भाजपा के कार्यालय पर विजयोत्सव मनाया गया ।भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी किया।

वही संजय वाघुले ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली में जीत हासिल कर इतिहास रचा ।दिल्ली की जनता ने विकास,सुशासन और राष्ट्र के हित के लिए भाजपा के नेतृत्व को अपना मत देकर विश्वास जताया है। विजय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय नेतृत्व में जनकल्याणकारी नीतियों के कारण यह विजय पताका देशभर में हो रही है।

# आदिवासी कातकरी परिवारों को मिलेगा घर

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** सरकार के निर्देशों के अनुरूप आदिवासी कातकरी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना और राज्य सरकार की अन्य घरकुल योजनाओं के तहत घर उपलब्ध कराया जाएगा.उक्त उद्गार ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने भिवंडी तालुका अनगांव में चल रही घरकुल योजना के कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान व्यक्त किया.उक्त मौके पर समूह विकास अधिकारी गोविंद खामकर, जिला परिषद और पंचायत समिति के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे. मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना और राज्य सरकार की योजनाओं के



अंतर्गत ठाणे जिले को 1,600 घरकुल बनाने का लक्ष्य दिया गया है. पहले घरविहीन परिवारों की सूची तैयार की जा रही है, उनकी मंजूरी के बाद पहला अनुदान जारी किया होगा. केंद्र सरकार और राज्य सरकार की घरकुल योजनाओं के सभी लाभार्थियों को 2025 में घर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है. कातकरी समुदाय के जिन परिवारों का सर्वेक्षण छूट गया था, उनके लिए वे स्वयं गांवों का दौरा कर रहे हैं. केंद्र सरकार का पोर्टल जो पहले बंद कर दिया गया था जिला प्रशासन के अनुरोध पर फिर से शुरू कर दिया गया है. पुनः सर्वेक्षण किया जा रहा है ताकि कोई भी कातकरी परिवार घरकुल योजना से वंचित न रहे. जिला प्रशासन इस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है.

# महाराष्ट्र में GB सिंड्रोम के 7 नए केस

- मरीजों की संख्या 180 हुई
- अब तक 6 की मौत

**पुणे.** पुणे जिले में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) के शुक्रवार को 7 नए मामले सामने आए। इसके बाद GB सिंड्रोम के कुल मामले बढ़कर 180 हो गए हैं। इससे अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है।

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, 58 मरीज ICU और 22 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं, जबकि 79 को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इन 180 मामलों में पुणे से 123, पिंपरी-चिंचवाड़ से 25, पुणे ग्रामीण से 24 मामले और दूसरे जिलों से 8 मामले हैं। एक अधिकारी ने बताया कि GB सिंड्रोम के सबसे ज्यादा मामले नांदेड़ के पास स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी से आए। यहां के पानी का सैंपल लिया गया था, जिसमें कैंपिलोबैक्टर जेजुनी पॉजिटिव पाया गया। यह पानी में होने वाला एक बैक्टीरिया है।



### आम सूचना

मैं श्री बालाजी गणेश लोमटे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, संभाजी नगर, कमला नेहरू नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 03एओ014119200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री लक्ष्मीकांत गणेश लोमटे के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 6.2.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री बालाजी गणेश लोमटे**


# 'विक्की कौशल के हाथ सुन्न हो गए थे'

## डायरेक्टर लक्ष्मण ने बताए शूटिंग के किस्से

विक्की कौशल इन दिनों फिल्म छावा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म का डायरेक्शन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। हाल ही में डायरेक्टर लक्ष्मण ने विक्की के किरदार संभाजी महाराज को लेकर कुछ हैरान करने वाली बातें शेयर की है। उन्होंने बताया कि टॉर्चर सीन शूट करने में विक्की के हाथ सुन्न हो गए थे।

डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने बॉलीवुड हंगामा से बात करते हुए विक्की कौशल के छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार को लेकर कहा- पूरी रात विक्की के हाथ बंधे रहे और जब हमने रस्सियां हटाईं, तो उसके हाथ नीचे ही नहीं हो रहे थे उसके दोनों हाथ सुन्न हो गए थे। हमें डेढ़ महीने का ब्रेक लेना पड़ा और उस टाइम पीरियड के दौरान



सेट को हटाना पड़ा। हमने उसे ठीक होने का समय दिया, उसके ठीक होने के बाद सेट को फिर से बनाया और उसके बाद शूटिंग फिर से शुरू की। डायरेक्टर ने यह भी बताया कि उन्होंने टॉर्चर सीन को उसी दिन शूट किया जिस दिन संभाजी महाराज को प्रताड़ित किया गया था। उन्होंने कहा- इत्तफाक से हम टॉर्चर सीन की शूटिंग उसी दिन कर रहे थे जिस दिन संभाजी महाराज को सच में प्रताड़ित किया गया था। ये हमे पहले ही दिन एहसास हुआ था।

### सेट पर अक्षय खन्ना से बातचीत नहीं की

इस बातचीत में डायरेक्टर लक्ष्मण के साथ विक्की कौशल भी शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि फिल्म छावा में अक्षय खन्ना, मुगल शहंशाह औरंगजेब के किरदार में हैं। ऑन-स्क्रीन किरदारों को रियल दिखाने के लिए सेट पर दोनों ने एक-दूसरे से बातचीत नहीं की थी। विक्की ने बताया- जब हम उस सीन की शूटिंग कर रहे थे, तो हमने एक-दूसरे को गुड मॉर्निंग या गुडबाय या हेलो तक विश नहीं किया था। वह औरंगजेब थे और मैं छत्रपति संभाजी महाराज। हम सीधे सीन शूट करते थे। इस बीच हम विक्की कौशल और अक्षय खन्ना नहीं थे।


FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

उल्हास वि NEWS LIVE

Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

Subscribe




मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985

www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com

Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099